शक्तिपुंज एक्सप्रेस का तीसरा रैक एलएचबी रैक में परिवर्तित

जबलपुर 18 अक्टूबर। यात्रियों की सुविधा एवं सरंक्षित यात्रा के लिए गाड़ी संख्या 11447/11448 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस में तीसरा रैक एलएचबी कोच से चलाने का निर्णय लिया गया है।

दिनांक 26.10.2023 से गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हावड़ा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से और वापसी में दिनांक 28.10.2023 से गाड़ी संख्या 11448 हावड़ा-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन हावड़ा स्टेशन से एलएचबी रैको के साथ प्रस्थान करेगी। गाड़ी में एलएचबी कोच लगने से गाड़ी की कोच कंपोजीशन इस प्रकार रहेगी।

एलएचबी कोच कंपोजीशन- इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 04 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 10 शयनयान श्रेणी, 01 सामान्य श्रेणी एवं 01 जनरेटर कार, 01 एसएलआरडी, 01 वीपी सहित कुल 20 एलएचबी कोच रहेंगे।

एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हल्का होते हैं। इन कोचों की एन्टी क्लाइम्बिंग विशेषताएँ दुर्घटनाओं के दौरान उन्हें ढेर होने से रोकती हैं। इससे यात्रियों को नुकसान कम होने की संभावना रहती है। नए डिजाइन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद एहसास कराते हैं।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/509/2023 दिनांक 18.10.2023

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर